तापमान
अधिकतम 22.9 डिग्री
न्यूनतम 8.0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, शनिवार, 8 फरवरी 2025

11 अस्पताल के बदहाल सड़कों को मिलेगी संजीवनी



12 रौनक स्कूल के स्थापना दिवस पर हुई प्रतियोगिता




## खबर संक्षेप

### अवैध हथियार सहित दो युवक गिरफ्तार

**गोहाना।** थाना बरोदा पुलिस टीम ने अवैध हथियार की घटना में संलिप्त दो आरोपितों को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपित गांव मोहाना निवासी रविन्द्र उर्फ बबलू पुत्र कर्ण व गांव वजीरपुरा निवासी विकास उर्फ चन्दू पुत्र जयपाल हैं। 6 फरवरी को थाना बरोदा की अनुंसधान टीम में नियुक्त सहायक उप निरीक्षक दलबीर अपनी पुलिस टीम के साथ गश्त के दौरान गांव बुटाना में बिचपड़ी मार्ग पर मौजूद थे। तभी पुलिस ने वहां तीन संदिग्ध युवकों को आते देखा। पुलिस ने तीनों को रूकने के लिए कहा तो उनमें से एक तो भाग गया जबकि पुलिस ने रविन्द्र उर्फ बबलू पुत्र कर्ण निवासी गांव मोहाना व विकास उर्फ चन्दू पुत्र जयपाल निवासी गांव वजीरपुरा को पकड़ लिया। पुलिस द्वारा तलाशी लिए जाने पर रविन्द्र की जेब से 32 बोर का एक देशी पिस्तौल व एक जिंदा रौंद जबकि विकास के पास से 32 बोर का एक पिस्तौल व दो जिंदा रौंद मिले। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपितों को न्यायालय में पेश करके उसके आदेश पर तीन दिन के रिमांड पर लिया गया।

### मोबाइल व हलवाई की दुकान से नकदी चोरी

**सोनीपत।** राई थाना व कुंडली थाना क्षेत्र में मोबाइल व हलवाई की दुकान से लाखों रुपये की राशि के चोरी होने के मामले सामने आए है। गली नंबर-5 प्याऊ मनियारी निवासी सतीश ने बताया कि उसकी हलवाई की दुकान है। वह मौजूदा समय में गांव नांगल में काम कर रहे थे। उसने अपने साथ काम करने वाले अनुराग को घर से कुछ सामान लाने के लिए भेजा था। वह घर पहुंचा तो ताले टूटे मिले। मामले को लेकर अनुराग ने उन्हें सूचना दी। उन्होंने आकर देखा तो संदूक के भी तोले टूटे थे। संदूक में रखे 4.04 लाख रुपये की राशि गायब मिली। वहीं विजय कॉलोनी बढ़ मलिक रोड निवासी नरेंद्र ने बताया कि वह बृहस्पतिवार की दोपहर को दुकान पर ताला लगाकर खाना खाने गया था। खाना-खाकर वापस आया तो ताला खुला मिला। अंदर काउंटर की जांच की तो पचास हजार रुपये की राशि गायब मिली।

### चाकू से हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र में चाकू से जानलेवा हमला करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित गौरव निवासी शामली यूपी का है। गाजियाबाद यूपी निवासी मोहित ने बताया कि गत 19 जुलाई को मल्हा माजरा स्थित कंपनी में बतौर चालक की नौकरी करता है। वह 13 जुलाई को गौरव नाम का युवक ने उस पर चाकू से हमला कर दिया और फरार हो गया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

# पुलिसकर्मी की सगाई में फायरिंग, गोली लगने से ममेरे भाई की मौत, दूल्हे के हाथ में भी गोली लगी, दो गिरफ्तार

## गोहाना स्थित गार्डन में वारदात, डॉक्टर पर हमला करने आए थे हमलावर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

पानीपत रोड स्थित दीपांशी गार्डन में आयोजित हरियाणा पुलिस के सिपाही की सगाई व मंडा पूजा कार्यक्रम के दौरान हमलावरों ने दूल्हे के ममेरे भाई की गोली मारकर हत्या कर दी। हमले के दौरान दूल्हा भी हाथ में गोली लगने से घायल हो गया। हमलावरों ने दूल्हे के भाई व उनके दोस्त के साथ रंजिश में वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने हत्या व हत्या की कोशिश का मुकदमा दर्ज कर दो आरोपितों को हिरासत में लिया है।

■ समारोह में गोली चलने से अफरातफरी मच गई

डीसीपी (अपराध) नरेंद्र कादियान ने शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में बताया कि दीपांशी गार्डन में देर रात गोलीबारी की घटना हुई। मामले को लेकर गांव गढ़ी उजाले खां निवासी अनुज लठवाल ने शुक्रवार को पुलिस को बताया है कि उनके छोटे भाई अजीब (26) की शादी को लेकर वीरवार को कार्यक्रम था। अजीब 14 माह पहले ही हरियाणा पुलिस में सिपाही भर्ती हुए हैं। गोहाना में फव्वारा चौक पर इंश्योरेंस कंपनी चलाने वाले अनुज ने बताया कि उनके कार्यालय के पास डॉ. पवन ने रोहतक नर्सिंग होम बना रखा है। उनकी डॉ. पवन से अच्छी दोस्ती है। वीरवार रात को अजीब की सगाई व मंडा पूजा का कार्यक्रम गार्डन में रखा था। वीरवार देर रात सभी खुशियां मना रहे थे। तभी डॉ. पवन व उनसे पुरानी रंजिश रखने वाले बरोदा निवासी सुनील, मूलरूप से गांव गामड़ी हॉल विष्णु नगर गोहाना निवासी नरेंद्र उर्फ नदरू, गामड़ी निवासी देवेंद्र उर्फ पटवारी अपने तीन-चार साथियों के साथ दो गाड़ियों में सवार होकर गार्डन में पहुंचे। वह हाथों में लाठी-डंडे व पिस्तौल लिए थे। उन्होंने आते ही उनके व उनके दोस्त डॉ. पवन के साथ मारपीट शुरू कर दी। जिस पर उनके भाई अजीब, ममेरे भाई गांव गढ़ी सिसाना निवासी जयदीप (32) व उनके चचेरे भाई रोहित बीच-बचाव करने लगे। हमलावरों ने उनके साथ भी मारपीट की। इसी दौरान एक हमलावरों ने गोलियां चला दी। जिसमें एक गोली जयदीप के सीने में लगी और एक गोली अजीब के हाथ में लगी। तीन-चार गोलियां चलाने से गार्डन में अफरा-तफरी मच गई। जिसके बाद हमलावर मौके से भाग गए।

वह अजीब व जयदीप को लेकर गोहाना के नागरिक अस्पताल में पहुंचे। जहां से उन्हें खानपुर कलां मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। वहां पर जयदीप को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में हत्या व हत्या की कोशिश का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जयदीप के शव का पोस्टमार्टम कराया गया।



**गोहाना।** पुलिस की गिरफ्त में आरोपी युवक।

### पवन से था झगड़ा, अनुज ने कराया था समझौता

अनुज ने पुलिस को बताया है कि सुनील व नरेंद्र उर्फ नदरू का डॉ. पवन के साथ एक महिला को लेकर चार-पांच माह पहले झगड़ा हुआ था। जिसमें पड़ोसी होने के चलते उन्होंने बीच-बचाव कर समझौता कराया था। पंचायती तौर पर समझौता कराने के बाद भी सुनील व नरेंद्र उनसे रंजिश रखे थे। इसी में वारदात को अंजाम दिया गया।

### ये बोले पुलिस अधिकारी

सगाई व मंडा पूजा को लेकर आयोजित समारोह में गोली मारकर दूल्हे के ममेरे भाई की हत्या करने व दूल्हे को घायल करने के मामले में दो आरोपी पकड़े गए है। पुलिस मामले में गहनता से जांच कर रही है।

**-नरेंद्र सिंह**, डीसीपी सोनीपत

# हाजिरी लगाने के दौरान हुई कहासुनी हमला कर श्रमिक की हत्या, सात काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

आईएमटी, खरखौदा में देर रात श्रमिक की हमला कर हत्या कर दी गई। हमले में बचाव को आए उनके चाचा को भी चोट लगी है। वारदात को उनके साथी श्रमिकों ने ही पंचिंग लगाने के दौरान हुई कहासुनी की रंजिश में अंजाम दिया। पुलिस ने सात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सभी को गिरफ्तार कर लिया है।

### रंजिश में किया हमला

डीसीपी (अपराध) नरेंद्र कादियान ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के जिला लखीमपुर खीरी के गांव मड़ई पुरवा निवासी गुरदीप ने अपने भतीजे की हत्या किए जाने का मुकदमा दर्ज कराया है। गुरदीप ने पुलिस को बताया कि वह खरखौदा आईएमटी में शाहपुरजी पोलनजी कंपनी में काम करते हैं। उनका भतीजा अभिषेक (19) और गांव के अन्य युवक भी इसी कंपनी में काम करते हैं। यह कंपनी मारुति के प्लांट में निर्माण का कार्य कर रही है। गुरदीप ने बताया कि बिहार के पूर्णिया के भी कई युवक उनकी कंपनी में कुछ महीने से काम कर रहे हैं। सभी कंपनी के अंदर ही कमरों में रह रहे हैं। पूर्णिया निवासी जयकुमार, पप्पू, किशन, मुकेश, शंकर, राजेश व अजीत ने बुधवार की शाम को छुट्टी के बाद फैक्टरी में पंचिंग के दौरान उनके भतीजे अभिषेक के साथ कहासुनी की थी।

इसी बात की रंजिश में वीरवार रात को सातों आरोपी हाथों में सरिया, हथौड़े व लोहे के हथियार लेकर उनके कमरे में आ घुसे। उन्होंने अभिषेक पर हमला कर दिया। वह भतीजे को बचाने लगे तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। आरोपी मुकेश ने अभिषेक की गर्दन पर वार कर उन्हें घायल कर दिया।

इसी दौरान आसपास के अन्य श्रमिकों के आने पर हमलावर भाग गए। वह घायल अभिषेक को लेकर खरखौदा के सामान्य अस्पताल में पहुंचे, जहां चिकित्सक ने उनके भतीजे को मृत घोषित कर दिया।



**गोहाना।** पुलिस की गिरफ्त में आरोपी युवक।

### सात के खिलाफ दर्ज किया केस : डीसीपी

मामले की शिकायत पर पुलिस ने सातों आरोपियों के खिलाफ हत्या समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। डीसीपी ने बताया कि हत्या के मामले में खरखौदा थाना प्रभारी बीर सिंह की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सातों आरोपियों को दबोच लिया।

# बार एसोसिएशन चुनाव के लिए 13 से शुरू होगी नामांकन प्रक्रिया

**सोनीपत।** बार एसोसिएशन की एक साल की चौधर के लिए नामांकन प्रक्रिया 13 फरवरी से शुरू हो जाएगी। प्रत्याशी 13 और 14 फरवरी को शाम तीन बजे तक नामांकन भर सकेंगे। इसके बाद 17 फरवरी को नामांकन वापसी की तिथि तय की गई है। बार एसोसिएशन की ओर से 1354 अधिवक्ताओं की सूची बार काउंसिल को भेजी गई है। वहां से मंजूरी मिलने के बाद अंतिम सूची जारी की जाएगी। वार्षिक चुनाव के लिए चुनाव अधिकारी व सहायक चुनाव अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। अधिवक्ता पवन दहिया को चुनाव अधिकारी बनाया गया है। साथ ही चुनाव लड़ने के लिए जमा होने वाली सिक्योरिटी राशि में वृद्धि की गई है। बता दें कि जिला बार एसोसिएशन के 28 फरवरी को होने वाले चुनाव के लिए सर्वसम्मति से एक चुनाव अधिकारी के अलावा पांच अधिवक्ताओं को सहायक चुनाव अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई थी। वरिष्ठ अधिवक्ता पवन दहिया को चुनाव अधिकारी बनाया गया है।

वह इससे पहले दो बार गुरुग्राम बार एसोसिएशन के चुनाव अधिकारी रह चुके हैं। इसके अलावा सहायक चुनाव अधिकारियों में इंद्रजीत खोखर, वीरेंद्र नैन, विकास कुंडू, गौरव शर्मा व कुलभूषण चौधरी शामिल है। एसोसिएशन में अधिवक्ताओं की संख्या 13 सौ से अधिक हो चुकी है। ऐसे में चुनाव शांतिपूर्ण व अच्छे से संपन्न कराने के लिए आरओ और पांच एआरओ नियुक्त किए हैं। चुनाव लड़ने के लिए सिक्योरिटी राशि में वृद्धि की गई है। अब प्रधान पद के लिए चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार को 25 हजार , उप प्रधान व सचिव का चुनाव लड़ने वाले को 15-15 हजार व खंजाची और संयुक्त सचिव का चुनाव लडने के लिए उम्मीदवार को सात-सात हजार रुपये सिक्योरिटी राशि जमा करानी होगी। पहले यह राशि प्रधान पद के लिए 10 हजार, उप प्रधान व सचिव के लिए आठ हजार व खंजाची और संयुक्त सचिव के लिए पांच हजार रुपये थी।

### चुनावी प्रक्रिया का शेडयूल जारी

चुनावी प्रक्रिया का शेडयूल जारी हो चुका है। चुनाव के दौरान प्रचार के लिए पोस्टर बैनर लगाने पर रोक है। चुनाव में शराब व अन्य नशीले पदार्थ वितरित करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। **-पवन दहिया**, चुनाव अधिकारी

## महिला विवि में लोक कला उत्सव की धूम



**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां व धर्मपुत्र कला मंच के संयुक्त तत्वाधान में संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के कला विकास योजना के अंतर्गत प्रायोजित व उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला के सहयोग से 3 दिवसीय लोक कला उत्सव कार्यक्रम का शुक्रवार को आगाज हो गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने किया। ...विस्तृत समाचार पेज 12 पर

### जागरूकता रैली में विद्यार्थियों को पेयजल बचाने का संदेश दिया

**गोहाना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई जल जीवन मिशन योजना के तहत गांव गढ़ी सराय नामदार खां स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला के कक्षा छठी से कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली निकाली। जागरूकता कार्यक्रम ग्राम पंचायत एवं ग्राम जल स्वच्छता समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। समिति से समाजशास्त्री आरती देवी व समाजशास्त्री सत्यवान के मार्गदर्शन में विषय संबंधित लिखित परीक्षा ली गई। विजेताओं को मुख्याध्यापक रविन्द्र मलिक ने प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।



### युवक को गोली मारने का आरोपी रिमांड पर

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना सोनीपत पुलिस ने हत्या प्रयास की वारदात में शामिल आरोपित को अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपित को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। गांव शेखपुरा फिलहाल देवडू रोड स्थित शिव कॉलोनी निवासी अंकित ने 26 जनवरी, 2024 को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि एलएलबी की पढ़ाई कर रहा है। उसकी पेजरो नाम के युवक संग दोस्ती है। पेजरो की जटवाड़ा निवासी दीपांशु उर्फ सूखा से रंजिश है। वह शाम को दोस्त राहुल हुड्डा की कार में अपने दोस्त चिंटू के पास कामी रोड पर उनके खेत में बने कमरे पर आए थे। तभी दीपांशु उर्फ सूखा, अवतार, मनीष तथा सैनीपुरा निवासी दीपांशु, मोहित तथा अन्य ने हमला कर दिया था। उन्होंने अपने भाई दीपक को व्हाट्सएप कॉल कर हमले की जानकारी दी थी। उनके भाई आए तो हमलावरों ने उनके सीने में गोली मार दी थी। मामले में एक आरोपित मूलरूप से बिहार के दरभंगा व घटना के समय ऋषि कॉलोनी सोनीपत निवासी सागर उर्फ सोनीपतिया एक साल से पुलिस पकड़ से बाहर था।

# नागरिक अस्पताल की एक्सरे मशीन पांच दिन से खराब, मरीज निजी लैब में जाने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जिला नागरिक अस्पताल में एक्स-रे मशीन का एक्सपोजर खराब होने के कारण करीब पांच दिन से एक्स-रे नहीं हो पा रहे।। जिससे एक्स-रे कराने पहुंचे मरीजों को परेशानी का सामना करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। एक्स-रे मशीन बंद होने के कारण उन्हें वापस लौटने व निजी लैब में आर्थिक मार झेलनी पड़ रही है। प्रबंधन की तरफ से मशीन की देखरेख करने वाली कंपनी से पत्राचार किया है। सोमवार तक मशीन के ठीक होने के कयास लगाए जा रहे है।

■ सोमवार तक मशीन ठीक होने की संभावना

बता दें कि जिला नागरिक अस्पताल में एक्स-रे मशीन में बार-बार खराबी आ रही है। जिसकी वजह से अस्पताल में आने वाले मरीजों को एक्स-रे न होने से परेशानी हो रही है। अस्पताल प्रशासन को अवगत कराने के बावजूद उनकी परेशानी को दूर नहीं किया जा रहा है। गत मंगलवार को एक्स-रे मशीन का एक्सपोजर ठीक से काम नहीं कर रहा था। जिससे मशीन रूक-रूक कर चल रही है। जिससे रेडियोलॉजी अधिकारियों ने एक्सपोजर ठीक करने का प्रयास किया, लेकिन मशीन को चालू नहीं कर सके। इसके बाद रेडियोलॉजी अधिकारी ने मशीन खराब होने की जानकारी। साथ ही बताया कि खराबी के चलते एक्स-रे नहीं हो सकेंगे। इस पर मरीजों को बिना एक्स-रे कराए वापस लौटना पड़ा।



खराब पड़ी मशीन

## एक्स-रे विभाग में चूहों का आतंक तार काटे, बिलों से निकल रही रेत



नागरिक अस्पताल के एक्स-रे विभाग में कर्मचारी चूहों के आतंक से परेशान है। लाखों रुपये कीमत की मशीनों के तारों को चूहे काट रहे है। वहीं विभाग में स्थापित मशीनों के नीचे से बिल बनाकर कक्ष में रेत निकाल देते है। हर रोज सफाई करने के बाद अगले दिन वहीं स्थिति मशीनों के नीचे मिलती है।

### मशीन बार-बार खराब हो रही, इंजीनियर ठीक नहीं कर पाया

मशीन में बार-बार खराबी आ रही है। इस संबंध में उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया जा चुका है। इंजीनियर ने मशीन को चेक किया, लेकिन कोई समाधान नहीं निकल पाया। उम्मीद है कि सोमवार तक मशीन को ठीक कर दिया जायेगा।

**-डा. गिन्नी लांबा**
कार्यकारी प्रधान चिकित्सक अधिकारी नागरिक अस्पताल

# साइबर ठगी के आरोपी गिरफ्तार, 13 लाख की नकदी व अन्य सामान बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

थाना साइबर सोनीपत पुलिस ने 9 मुकदमों में लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया गया है। पुलिस ने वारदात को अंजाम देने में शामिल 35 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से लाखों रुपयों की राशि व अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

■ पुलिस ने अदालत में पेश किया, जेल भेजा


पुलिस उपायुक्त पूर्वी सोनीपत एवं साइबर प्रबीना आईपीएस ने बताया कि साइबर थाना पुलिस टीम ने माह जनवरी 2025 में साइबर थाने में ठगी के 9 मामलों में 35 साइबर आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से ठगी की गई रकम में से कुल 13 लाख 41 हजार रुपये, जिनमे से 10 लाख 81 हजार रुपये बैंक खातों में फ्रीज किये गये है। अलग-अलग अपराधियों से 109 मोबाइल फोन, 10 लैपटॉप, 165 पासबुक, 200 एटीएम व 42 चेक बुक बरामद किए हैं। आईपीएस ने बताया कि साइबर क्राइम से बचने के लिए किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें। वर्क फ्रॉम होम व फर्जी ट्रेडिंग के नाम पर लोगों को लालच देते हैं। इसके बाद भी कोई साइबर क्राइम का शिकार हो जाता है। उसकी तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन में जाकर शिकायत दर्ज या टोल फ्री नंबर पर संपर्क करें।



**सोनीपत।** पुलिस की गिरफ्त में साइबर ठगी के आरोपी।



धरती पर चींटी एक ऐसा जीव है जो अपनी जिंदगी में कभी भी आराम नहीं करती है।



एक मादा मच्छर ही डंक मारती है, नर मच्छर कभी भी नहीं काटता, वह केवल पेड़ पौधों का रस पीता है।

# हिंदी भाषा पसंद है तो इन क्षेत्रों में बनाएं करियर





नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

भारत में हिन्दी सबसे महत्वपूर्ण भाषा है। यह भारत की 22 आधिकारिक भाषाओं में से एक है और राज्य भाषा का अधिकार रखती है। संसदीय कार्य से लेकर न्यायिक और सरकारी संस्थानों में इसे ऑफिशियल कम्युनिकेशन की तरह उपयोग किया जाता है। हिंदी विश्व स्तर पर तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है, जिसमें लगभग 425 मिलियन लोग इसे अपनी पहली भाषा के रूप में पहचानते हैं और अतिरिक्त 120 मिलियन लोग हिंदी को दूसरी भाषा के रूप में बोलते हैं। हिंदी के क्षेत्र में कई बेहतरीन करियर ऑप्शन मौजूद हैं। इस फील्ड में भी अच्छा करियर बनाया जा सकता है।

## ये करियर ऑप्शन

### राजभाषा ऑफिसर

ये राष्ट्रीयकृत बैंकिंग संस्थानों में राजभाषा ऑफिसर के रूप में कार्य करते हैं। उनकी नियुक्ति बैंक की सभी शाखाओं में होती है। इनकी प्राथमिक भूमिका ग्राहकों की मदद करने के अलावा रोज के कामों में राजभाषा के प्रयोग को बढ़ावा देना है। वे विभिन्न आधिकारिक दस्तावेजों का हिंदी में अनुवाद भी करते हैं।

### जर्नलिज्म

अगर आप ने हिंदी भाषा में जर्नलिज्म का कोर्स किया है तो आप पत्रकारिता के क्षेत्र में एंकर, न्यूज एडिटर, न्यूज राइटर और रिपोर्टर आदि जैसे कई जॉब प्रोफाइल पर रहकर अच्छी सैलरी हासिल कर सकते हैं। यहां पर आपको न्यूजपेपर, रेडियो चैनलों, समाचार चैनलों, पत्रिकाओं और डिजिटल समाचार मीडिया जैसे कई करियर ऑप्शन मिल जाएंगे।

### कंटेंट राइटर/एडिटर

आज के समय में कंटेंट राइटर या एडिटर की जॉब को बेहतर विकल्प माना जाता है। इनका काम ब्लॉग लिखना, मार्केटिंग कॉपी, सोशल मीडिया कॉपी आदि लिखना व उसको एडिट करना होता है। हिंदी या मास कम्युनिकेशन में डिग्री होल्डर्स आसानी से हिंदी कंटेंट राइटर/एडिटर के रूप में अपना करियर बना सकते हैं। कंटेंट राइटर और एडिटर्स पब्लिकेशन हाउस और मीडिया हाउस व एड एजेंसी में काम कर सकते हैं।

## यहां मिलेगा मौका

### ट्रांसलेटर

आज जिस तरह से पूरा विश्व का एकीकरण हो रहा है उसमें हिंदी ट्रांसलेटर के लिए करियर के नए रास्ते खुल गए हैं। इस फील्ड में अब काम की कोई कमी नहीं है। हिंदी ट्रांसलेटर के तौर पर आप घर पर बैठकर भी काम कर सकते हैं। हालांकि एक बेहतरीन ट्रांसलेटर बनने के लिए आपकी हिंदी के साथ दूसरी भाषा पर भी अच्छी पकड़ होनी चाहिए। कई बड़ी कंपनियां भी अपने कंटेंट को हिंदी में मुहैया कराने के लिए ट्रांसलेटर को नियुक्त करती हैं।

### इंटरप्रिटेशन

इंटरप्रेटर का काम भी ट्रांसलेटर की तरह एक लैंग्वेज का दूसरे लैंग्वेज में अनुवाद करना होता है। हालांकि इंटरप्रेटर लिखकर नहीं बल्कि बोलकर यह काम करते है। एक इंटरप्रेटर उन शब्दों को ट्रांसलेट करता है, जो दूसरा व्यक्ति अलग भाषा में कहता है। आप इंटरप्रेटर के तौर पर राजनयिक मिशनों, संयुक्त राष्ट्र और विदेशी छात्रों के साथ काम कर सकते हैं।

### वॉयस ओवर आर्टिस्ट

एंटरटेनमेंट की दुनिया आज बहुत व्यापक हो गई है। हर माह कई विदेशी फिल्में व कार्टून भारत में लांच हो रही हैं। यदि आप में बोलने का स्किल और अच्छी आवाज है, तो आप वॉयस-ओवर को करियर ऑप्शन के रूप में अपना सकते हैं। वॉयस-ओवर कलाकारों की फिल्मों के अलावा रेडियो स्टेशनों, पॉडकास्ट, विज्ञापनों की डबिंग में काफी डिमांड रहती है।

### हिंदी टाइपिस्ट/हिंदी स्टेनोग्राफर

हिंदी स्टेनोग्राफर और टाइपिस्ट की डिमांड कई दशकों से बनी हुई है। खास तौर पर सरकारी क्षेत्र में निकलने वाली जॉब में। हिंदी टाइपिंग और स्टेनोग्राफर का कोर्स कर आप अच्छी सैलरी के साथ सरकारी जॉब पा सकते हैं। इसके अलावा प्राइवेट सेक्टर में भी आप अच्छी तनख्वाह पर नौकरी पा सकते हैं।

## स्पीच राइटर

अगर आप में लिखने की क्षमता है तो आप स्पीच राइटर बन सकते हैं। स्पीच लोगों को प्रभावित करने का सबसे महत्वपूर्ण तरीका है। सम्मोहक स्पीच लिखने के लिए लैंग्वेज पर कंट्रोल की जरूरत होती है। अगर आपमें ये काबिलियत है तो आप किसी राजनीतिक पार्टी के साथ जुड़कर स्पीच राइटर बन सकते हैं। वहीं सरकारी क्षेत्र, विज्ञापन एजेंसियों, कॉर्पोरेट में काम भी इनके लिए दरवाजे हमेशा खुले रहते हैं।

### नॉवलिस्ट/राइटर/ पोएट

अगर आप को नए तरीके से क्रिएटिव स्टोरी लिखना आता है तो आप हिंदी भाषा में नॉलेज हासिल करने के बाद पोएट/नॉवलिस्ट/राइटर बन सकते हैं। आज के समय में ऑडियोबुक, किंडल सपोर्टिड ई-बुक्स के राइज ने इस फील्ड में लोगों के करियर को एक नया आयाम दिया है।

### हिंदी टीचर

हिंदी टीचर की जॉब सदाबहार ऑप्शन है। टीचर बनना सभी को पसंद होता है। अरग आपकी हिंदी में अच्छी पकड़ है तो आप किसी भी सरकारी और निजी शिक्षण संस्थान में हिंदी टीचर के तौर पर जॉब कर सकते हैं।

### राइटिंग

हिन्दी में अच्छी पकड़ रखने वाले लोगों का फिल्म जगत और टेलीविजन के क्षेत्र में खासी डिमांड होती है। आज के समय में ओटीटी प्लेटफार्म के आने से इस क्षेत्र के करियर स्कोप बढ़ गया है। अगर आप हिन्दी में अच्छे हैं तो आप प्रॉडक्शन हाउस, मीडिया हाउस में स्क्रप्टि राइटिंग, डायलॉग्स या लिरिक्स भी लिख सकते हैं। लेकिन अगर आप स्क्रीन राइटर बनना चाहते हैं तो आपको बीए हिन्दी करने के बाद स्क्रीन राइटिंग कोर्स में पोस्ट ग्रेजुएशन करनी होगी ताकि आपके भीतर लेखन की अच्छी समझ विकसित हो सके।

### अध्यापक

हिंदी को पूरा करने के बाद क्लासिक और लोकप्रिय करियर विकल्पों में से एक अध्यापक बनकर आने वाली पीढ़ियों को भाषा का ज्ञान और क्षमता प्रदान करना है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदी की लोकप्रियता बढ़ने के साथ-साथ भारत से बाहर के छात्रों को हिंदी सिखाने के अवसर भी हैं।

---

**संभावनाओं और परिवर्तनों का पूर्वानुमान लगाने की क्षमता विकसित करनी होगी**

# फ्युचरोलॉजिस्ट बनकर भी कर सकते हैं बढ़िया कमाई, करियर का बेहतरीन विकल्प

डॉ. मोहित बंसल
करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



आज की दुनिया में लगातार तकनीकी, सामाजिक और आर्थिक बदलाव देखने को मिल रहे हैं। ऐसे में इन बदलावों को समझकर विशेषण करने वाले एक पेशेवर व्यक्ति का होना भी बहुत जरूरी है। इस कारण फ्युचरोलॉजिस्ट (भविष्यवक्ता) का महत्व और भी बढ़ गया है। यह पेशा उन व्यक्तियों के लिए करियर का बेहतरीन विकल्प हो सकता है जो न केवल वर्तमान में हो रहे घटनाक्रमों का विश्लेषण करते हैं, बल्कि भविष्य में आने वाली संभावनाओं और परिवर्तनों का पूर्वानुमान लगाने की क्षमता रखते हैं। फ्युचरोलॉजिस्ट का कार्य सिर्फ भविष्य के रुझानों का अनुमान लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि वे उन परिवर्तनों के प्रभावों को भी समझते हैं, जो विभिन्न क्षेत्रों, जैसे कि तकनीक, समाज, अर्थव्यवस्था और पर्यावरण में आने वाले वर्षों में हो सकते हैं। फ्युचरोलॉजिस्ट भविष्यवाणी करने के लिए विभिन्न उपकरणों, जैसे कि डेटा विश्लेषण, ट्रेंड्स, सामाजिक-आर्थिक अध्ययन, और विज्ञान का इस्तेमाल करते हैं। वे आमतौर पर किसी कंपनी, सरकारी संस्थान, या शोध संस्थान में कार्यरत होते हैं, जहां उनका मुख्य उद्देश्य भविष्य में आने वाले बदलावों का सही अनुमान लगाना और उन परिवर्तनों के लिए रणनीतिक योजनाएँ तैयार करना होता है। यह पेशा उन लोगों के लिए उपयुक्त है जो न केवल वर्तमान स्थिति को समझने में सक्षम हैं, बल्कि भविष्य में होने वाली घटनाओं और ट्रेंड्स के लिए तैयार रहने की सोच रखते हैं।

## बदलावों को समझ कर करना होता है विश्लेषण



## वेतन और आय

भारत में एक फ्रेशर फ्युचरोलॉजिस्ट का वेतन 6,00,000 से 12,00,000 प्रति वर्ष तक हो सकता है। अधिक अनुभव वाले पेशेवरों का वेतन 15,00,000 से 30,00,000 प्रति वर्ष तक हो सकता है। अंतरराष्ट्रीय कंपनियों में कार्य करने पर वेतन और लाभ और भी अधिक हो सकते हैं।

## रुझान विश्लेषण क्षमता

फ्युचरोलॉजिस्ट को सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक रुझानों का विश्लेषण करने की क्षमता होनी चाहिए, ताकि वह भविष्य की घटनाओं का सही अनुमान लगा सके।

**रचनात्मक सोच** : फ्युचरोलॉजिस्ट को नए विचारों और संभावनाओं को समझने और उनका विश्लेषण करने के लिए रचनात्मक सोच की आवश्यकता होती है।

**डेटा विश्लेषण कौशल** : आपको भविष्यवाणी के लिए उपलब्ध आंकड़ों का सही तरीके से विश्लेषण करना आना चाहिए। इससे आप भविष्य के विकास को बेहतर तरीके से समझ सकते हैं।

**संचार कौशल** : आपको अपने विचारों और भविष्यवाणियों को स्पष्ट और प्रभावी रूप से व्यक्त करने की क्षमता होनी चाहिए, ताकि आपके विचार दूसरों को सही दिशा में मार्गदर्शन कर सकें।

## नौकरी के अवसर

### निजी क्षेत्र में करियर

निजी क्षेत्र में भी फ्युचरोलॉजिस्ट के लिए कई रोमांचक और चुनौतीपूर्ण अवसर उपलब्ध हैं। विभिन्न कंपनियां, थिंक टैंक, रिसर्च संस्थान, और रणनीतिक परामर्श कंपनियां भविष्यवाणी और रुझान विश्लेषण के लिए फ्यूटोरोलॉजिस्ट की तलाश करती हैं। इन कंपनियों को अपने उत्पादों और सेवाओं को भविष्य के रुझानों के अनुसार अनुकूलित करने और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाए रखने के लिए फ्युचरोलॉजिस्ट की जरूरत होती है। प्रमुख कंपनियां जैसे डेलॉइट, पिडब्लू सी, के पिएम जी और मककिन्से एंड कंपनी भविष्यवाणी और रणनीतिक परामर्श सेवाएं प्रदान करती हैं। आप इन कंपनियों में भविष्यवाणी और रणनीतिक योजनाओं में मदद कर सकते हैं।

### सरकारी क्षेत्र में करियर

सरकारी संगठनों को भविष्य के विकास, नीति निर्माण और रणनीतिक योजनाओं के लिए मजबूत और सटीक पूर्वानुमान की आवश्यकता होती है, ताकि वे राष्ट्र के सामाजिक और आर्थिक बदलावों के लिए बेहतर तैयारी कर सकें। इसके अलावा, सरकारी परियोजनाओं और योजनाओं के लिए भविष्यवाणी करना और विभिन्न विकासात्मक क्षेत्रों में सुधार लाने के लिए सुझाव देना भी महत्वपूर्ण कार्य है। भारत में कई सरकारी संगठन भी भविष्यवाणी और योजनाओं के क्षेत्र में कार्यरत हैं, जैसे कि भारत सरकार का योजना आयोग, भारत सरकार का विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, भारत सरकार के पर्यावरण मंत्रालय और राज्य सरकारों के योजना विभाग। आप इन संस्थाओं में भविष्यवाणी, नीति निर्माण और विकास योजनाओं में योगदान दे सकते हैं।

## करियर काउंसलर से लें सलाह

अपने लिए किसी भी करियर को चुनने से पहले, करियर काउंसलर की सलाह लेना हमेशा फायदेमंद होता है, ताकि आप अपने कौशल और रुचियों के आधार पर सही दिशा में कदम बढ़ा सकें। इसके लिए आप www.careerjaano.com पर विजिट कर सकते हैं।

## शिक्षा और प्रशिक्षण

फ्युचरोलॉजिस्ट बनने के लिए कुछ विशेष शैक्षिक और प्रशिक्षण आवश्यकताएं हैं, जो आपको भविष्यवाणी और सामाजिक बदलावों के विश्लेषण में मदद करती हैं। आइए जानते हैं इस क्षेत्र में शिक्षा और प्रशिक्षण के विकल्प।

1. **बैचलर डिग्री** : फ्युचरोलॉजिस्ट बनने के लिए आपको पहले एक मजबूत शैक्षिक आधार की आवश्यकता होती है। समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, या दर्शनशास्त्र जैसे विषयों में बैचलर डिग्री आपके लिए उपयुक्त हो सकती है।
2. **मास्टर डिग्री** : फ्युचरोलॉजिस्ट बनने के लिए एक उन्नत डिग्री जैसे कि एम ऐ इन फ्यूचर स्टडीज या एम ऐ इन स्ट्रैटेजिक फोरसाइट विशेष रूप से उपयोगी हो सकती है। यह डिग्री आपको भविष्य के रुझानों, रणनीतियों, और भविष्यवाणियों के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करती है।
3. **डॉक्टरेट (पीचडी)**: यदि आप इस क्षेत्र में गहरी शोध करना चाहते हैं और एक विशेषज्ञ बनना चाहते हैं, तो आप पीचडी इन फ्यूचर स्टडीज कर सकते हैं। इससे आपको भविष्यवाणी के क्षेत्र में अत्यधिक विशेषज्ञता मिलती है और आप एक अकादमिक पेशेवर भी बन सकते हैं।

## यहां से लें शिक्षा

भारत में कई प्रमुख सरकारी और निजी संस्थान हैं जो भविष्यवाणी और फ्युचरोलॉजिस्ट के क्षेत्र में पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं। निम्नलिखित संस्थान इस क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करते हैं।

### सरकारी संस्थान

1. **जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली**
**कोर्स नाम**: एम ए इन सोशल साइंसेज (फ्यूचर्स स्टडीज और डेवलपमेंट पर ध्यान केंद्रित)
2. **भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास**
**कोर्स नाम**: एम टेक इन फ्यूचर टेक्नोलॉजीज और इनोवेशन
3. **बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी**
**कोर्स नाम**: एम ए इन समाजशास्त्र (सामाजिक पूर्वानुमान पर ध्यान केंद्रित)
4. **नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज, बैंगलोर**
**कोर्स नाम**: एमएससी इन फ्यूचर स्टडीज और स्ट्रैटेजिक फोरसाइट
5. **दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली**
**कोर्स नाम**: एम ए इन डेवलपमेंट स्टडीज (फ्यूचर स्टडीज पर फोकस)

### निजी संस्थान

1. **सिंबायोसिस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, पुणे**
**कोर्स नाम**: पोस्टग्रेजुएट डिप्लोमा इन स्ट्रैटेजिक फोरसाइट
2. **शिव नादर विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा**
**कोर्स नाम**: एम्ऐ इन फ्यूचर स्टडीज और स्ट्रैटेजिक फोरसाइट
3. **टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज, मुंबई**
**कोर्स नाम**: एम ए इन डेवलपमेंट स्टडीज (फ्यूचर प्लानिंग पर फोकस)
4. **मणिपाल विश्वविद्यालय, मणिपाल**
**कोर्स नाम**: एम ए इन फ्यूचर और स्ट्रैटेजिक स्टडीज
5. **एसपी जैन स्कूल ऑफ ग्लोबल मैनेजमेंट, मुंबई**
**कोर्स नाम** : एक्सीक्यूटिव प्रोग्राम इन स्ट्रैटेजिक फोरसाइट और इनोवेशन

*कौशल और योग्यता फ्युचरोलॉजिस्ट बनने के लिए कुछ महत्वपूर्ण कौशल की आवश्यकता होती है।*

---

# छात्रों के लिए यह समय सुनहरा अवसर समस्याओं को हरा सपनों को करें साकार



मोटिवेशनल
डॉ. दिव्या तंवर

भारत आज विकास के नए आयाम छू रहा है, और इस विकास का मुख्य आधार नवाचार और स्टार्टअप हैं। छात्रों के लिए यह समय एक सुनहरा अवसर है कि वे अपने सपनों को साकार करें और देश की प्रगति में अपना योगदान दें। नवाचार सिर्फ एक शब्द नहीं है, बल्कि यह एक सोच है, एक दृष्टिकोण है जो हमें समस्याओं को अवसरों में बदलने के लिए प्रेरित करता है। नवाचार का मतलब यह नहीं है कि आप कुछ नया आविष्कार करें, बल्कि यह है कि आप मौजूदा चीजों को बेहतर तरीके से इस्तेमाल करें। भारत जैसे देश में, जहां समस्याओं की कोई कमी नहीं है, वहीं हर समस्या एक अवसर भी है। चाहे वह शिक्षा का क्षेत्र हो, स्वास्थ्य का, या फिर कृषि का, हर जगह नवाचार के जरिए बदलाव लाया जा सकता है।

## देश की प्रगति में दें अपना योगदान

उदाहरण के तौर पर, भारत में किसानों को फसलों की सही कीमत न मिलने की समस्या थी। इस समस्या को हल करने के लिए डीहाट जैसे स्टार्टअप ने किसानों को सीधे खरीदारों से जोड़ने का प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराया। यह नवाचार न केवल किसानों की आय बढ़ा रहा है, बल्कि अर्थव्यवस्था को भी लाभ पहुंचा रहा है।

**स्टार्टअप का सफर** : भारत में स्टार्टअप का सफर आसान नहीं है, लेकिन नामुमकिन भी नहीं। सरकार की तरफ से ₹स्टार्टअप इंडिया₹ जैसे कार्यक्रमों ने युवाओं को अपने सपनों को साकार करने के लिए वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान की है। आज भारत में हजारों स्टार्टअप सफलतापूर्वक काम कर रहे हैं, और यह संख्या लगातार बढ़ रही है। छात्रों के लिए यह जरूरी है कि वे अपने अंदर के विचारों को पनपने दें। चाहे आप किसी भी क्षेत्र से जुड़े हों, आपके पास कोई न कोई ऐसा विचार जरूर होगा जो दुनिया को बदल सकता है। स्टार्टअप का सफर मुश्किल जरूर है, लेकिन जब आप अपने सपनों के लिए मेहनत करते हैं, तो सफलता आपके कदम चूमती है।

### सफलता के कुछ मंत्र

**समस्याओं को अवसरों में बदलें**: हर समस्या एक अवसर है। उसे हल करने के लिए नए तरीके सोचें।

**टीम वर्क**: एक अच्छी टीम के बिना कोई भी स्टार्टअप सफल नहीं हो सकता। अपने साथ ऐसे लोगों को जोड़ें जो आपके विजन को समझते हों।

**लगन और धैर्य**: सफलता रातों-रात नहीं मिलती। असफलता से घबराएं नहीं, बल्कि उससे सीखें।

**शिक्षा और अनुभव**: शिक्षा के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव भी जरूरी है। इंटर्नशिप, वर्कशॉप और नेटवर्किंग के जरिए अपने कौशल को निखारें।

## अपने विचारों को मूर्त रूप दें

भारत का भविष्य युवाओं के हाथों में है। नवाचार और स्टार्टअप के जरिए हम न केवल अपने सपनों को साकार कर सकते हैं, बल्कि देश को भी विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जा सकते हैं। छात्रों के लिए यह समय है कि वे अपने विचारों को मूर्त रूप दें और एक बेहतर कल के लिए काम करें। याद रखें, हर बड़ी सफलता की शुरुआत एक छोटे से विचार से होती है। आज ही अपने सपनों को पंख दें, और कल भारत को एक नई राह पर ले चलें। नवाचार वह कुंजी है जो भविष्य के दरवाजे खोलती है।

**बजट 2025: छात्रों और स्टार्टअप्स के लिए आत्मनिर्भर भारत की ओर एक कदम** : भारत सरकार का बजट 2025 छात्रों, युवाओं और स्टार्टअप्स के लिए एक नई उम्मीद लेकर आया है। इस बजट में शिक्षा, नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं, जो न केवल छात्रों के लिए बल्कि आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने में भी मददगार साबित होंगी। आइए जानते हैं कि यह बजट छात्रों और स्टार्टअप्स के लिए कैसे फायदेमंद होगा।

**शिक्षा और कौशल विकास पर जोर** : बजट 2025 में शिक्षा और कौशल विकास को विशेष प्राथमिकता दी गई है। सरकार ने डिजिटल शिक्षा और ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म्स को बढ़ावा देने के लिए अतिरिक्त फंड आवंटित किए हैं। इससे छात्रों को नवीनतम तकनीक और ज्ञान तक पहुंचने में आसानी होगी।

**डिजिटल यूनिवर्सिटी**: सरकार ने एक डिजिटल यूनिवर्सिटी स्थापित करने की घोषणा की है, जो देश भर के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करेगी।

**स्किल इंडिया मिशन**: कौशल विकास कार्यक्रमों को और मजबूत किया गया है, जिससे छात्रों को उद्योग-संबंधित कौशल सीखने का मौका मिलेगा। स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के लिए बजट 2025 में कई प्रोत्साहन दिए गए हैं। सरकार ने स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए नई योजनाएं शुरू की हैं।

## सामान्य ज्ञान

**1.** निम्नलिखित में से वह सागर कौन - सा है, जो भू-बद्ध है ?
(ए) लाल सागर
(बी) तिमोर सागर
(सी) उतरी सागर
(डी) अरल सागर

**2.** अफ्रीका महाद्वीप की सबसे बड़ी झील है -
(ए) विक्टोरिया
(बी) न्यासा
(सी) टंगानिका
(डी) चाड

**3.** निम्नलिखित में से कौन - सा युग्म गलत है ?
(ए) ग्रेट बीयर - कनाडा
(बी) मिशिगन - यू. एस. ए.
(सी) ओनेगा - ऑस्ट्रेलिया
(डी) टिटिकाका - पेरू-बोलीविया

**4.** निम्नलिखित में से कौन ईरान की सीमा को स्पर्श करता है ?
(ए) कैस्पियन सागर
(बी) अरल सागर
(सी) बाल्खश झील
(डी) बैकाल झील

**5.** निम्नलिखित में से किसको 'पर्ल ऑफ़ साइबेरिया' कहा जाता है ?
(ए) बैकाल झील
(बी) ग्रेट वीयर झील
(सी) करदा झील
(डी) लिंकनबर झील

**6.** किस देश की सीमा कैस्पियन झील से नहीं मिलती है ?
(ए) अजरबैजान
(बी) रूस
(सी) यूक्रेन
(डी) तुर्कमेनिस्तान

**7.** टान्ले सेप नाम झील निम्नलिखित में से किस देश में स्थित है ?
(ए) थाईलैंड
(बी) कम्बोडिया
(सी) इंडोनेशिया
(डी) लाओस

**8.** पृथ्वी पर सबसे गहरा स्थल है -
(ए) कैस्पियन सागर
(बी) काला सागर
(सी) मृत सागर
(डी) एजियन सागर

**उत्तर** 1.(डी) 2.(ए) 3.(सी) 4.(ए) 5.(ए) 6.(सी) 7.(बी) 8.(सी)

## खबर संक्षेप

### सिविल अस्पताल का औचक निरीक्षण किया

**सोनीपत।** हरियाणा राज्य बाल संरक्षण आयोग के सदस्य मीना व मांगेराम ने शुक्रवार को सिविल अस्पताल सोनीपत, बाल ग्राम राई, लोक कल्याण सेवा समिति गोहाना व सिविल अस्पताल गोहाना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सबसे पहले लोक कल्याण सेवा समिति गोहाना का निरीक्षण करते हुए वहां स्लम एरिया के बच्चों को शिक्षित करने के लिए दी रही सभी सुविधाओं की जांच की।

### जीवीएम में वर्चुअल प्री-प्लेसमेंट इंट्रैक्शन

**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्स कालेज में ब्रिटिश टेलिकॉम कंपनी के सहयोग से वर्चुअल प्री-प्लेसमेंट इंट्रैक्शन का आयोजन किया गया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने सफल आयोजन की बधाई देते हुए प्रतिभागी छात्राओं को साक्षात्कार में सफलता हासिल करने के लिए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने छात्राओं को प्रोत्साहित किया।

### कुलसचिव को दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी

**सोनीपत।** एसो.ऑफ आल इंडिया इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रधान व पूर्ण मूर्ति कैंपस, कामी रोड के चेयरमैन डा. विजयपाल नैन ने भगत फूल सिंह महिला विवि, खानपुर के नए कुलसचिव डॉ. शिवालिक यादव से मुलाकात कर उन्हें मिली नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी। साथ ही भरोसा जताया कि उनके मार्गदर्शन में भगत फूल सिंह महिला विवि, खानपुर शिक्षा के प्रचार-प्रसार में अहम भूमिका निभाते प्रगति की राह पर आगे बढ़ेंगे।

### नंदीशाला की व्यवस्था सुधारने को सौंपा ज्ञापन

**खरखौदा।** सालासर बाला गौ रक्षक दल, खरखौदा के सदस्यों ने शुक्रवार को एसडीएम डॉ. निर्मल नागर को ज्ञापन सौंपकर नंदीशाला की व्यवस्था में सुधार करने की मांग की है। समिति सदस्यों ने आरोप लगाया कि देखरेख के अभाव में गोवंश की मौत हो रही है और उनके लिए पर्याप्त चारा उपलब्ध नहीं है। एसडीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए नगरपालिका सचिव पंकज जून को बुलाकर स्पष्टीकरण मांगा।

### विकास कार्यों को तेजी से करवाएं पूरा : उपायुक्त

**सोनीपत।** उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाढ़ प्रबंधन को लेकर जिला में किए जा रहे विकास कार्यों को तेजी से पूरा करवाएं ताकि ये सभी कार्य आने वाली बरसाती सीजन तक पूरे हो सकें और लोगों को बरसात सीजन में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उपायुक्त ने शुक्रवार को लघु सचिवालय में सिंचाई व जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ सूखा राहत एवं बाढ़ नियंत्रण बोर्ड की बैठक कर उन्हें उचित दिशा-निर्देश दिए।

### मचान डालकर किया प्रदर्शन, की नारेबाजी

**सोनीपत।** नगर निगम कार्यालय व पीडब्ल्यूडी कार्यालय सोनीपत के सामने शुक्रवार को अनोखे तरीके से विरोध प्रदर्शन किया गया। सड़कों की खस्ताहालत को लेकर विरोध कर रहे पार्षद ने मचान डाली और उसी के ऊपर बैठक प्रदर्शन किया। सरकार व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की गई।

## नागरिक अस्पताल के बदहाल सड़कों को मिलेगी संजीवनी

# अस्पताल की टूटी सड़कों की मरम्मत के लिए 1.18 करोड़ रुपये खर्च होंगे

### सड़क गड्ढों में हो चुकी तब्दील, प्रबंधन की तरफ से विभाग से किया था पत्राचार

सुनील छिक्कारा ▸▸ सोनीपत

जिले के नागरिक अस्पताल सोनीपत की सड़कों को संजीवनी मिलने वाली है। अस्पताल की टूटी सड़कों की मरम्मत करने के लिए एक करोड़ 18 लाख से ज्यादा का बजट पास हो गया है। जल्द ही संबंधित विभाग की तरफ से मरम्मत का कार्य शुरू होने की उम्मीद जताई जा रहा है। अस्पताल प्रबंधन करीब तीन साल से बदहाल सड़कों की मरम्मत करवाने के लिए प्रयास कर रहे थे। ताकि परिसर में आने वाले मरीजों व अन्य को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। मौजूदा हाल में परिसर की सड़कों की हालत बेहद खस्ता हालत में पहुंच चुकी है। बता दें कि नागरिक अस्पताल सोनीपत में परिसर की सड़कों की हालत बेहद खस्ता हालत में पहुंच चुकी है। बारिश के दिनों में सड़कों में बने गड्ढों में पानी भर जाता है। जिसके चलते बीमारियों के फैलने तक का खतरा बन जाता है। परिसर के अंदर आपातकालीन कक्ष, शवगृह वाले सड़क मार्ग, गेट नंबर-1 पर ओएसटी सेंटर वाले सड़क मार्ग, औषधि केंद्र सड़क मार्ग की सड़क बेहद खराब हालत में पहुंच चुकी है। इस संबंध में अस्पताल प्रबंधन की तरफ से पीडब्ल्यूडी विभाग से सड़कों के मरम्मत कार्य को करवाने के लिए पत्राचार किया गया था। विभाग की तरफ से सड़कों के मरम्मत कार्य को पूरा करवाने के लिए प्रपोजल तैयार करके उच्च अधिकारियों के पास भेजा गया। विभाग की तरफ से हरी झंडी मिल गई है। विभाग की तरफ से एक करोड़ 18 लाख 87 हजार रुपये का बजट पास किया गया है।





**सोनीपत।** अस्पताल परिसर की अलग-अलग सड़कों की मौजूदा हालत। *फोटो : हरिभूमि*

#### जल्द काम शुरू होगा

परिसर की सड़कों की हालत बेहद खराब हो चुकी थी। लगभग सड़कें टूट चुकी है। जिसके चलते मरीजों व अस्पताल कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। प्रबंधन की तरफ से विभाग को पत्राचार किया गया था। विभाग की तरफ से बजट पास होने की जानकारी मिली है। जल्द से जल्द मरम्मत कार्य को पूरा करवाने के लिए प्रयासरत है। *डा. गिन्नी लांबा, कार्यकारी प्रधान चिकित्सक अधिकारी नागरिक अस्पताल।*

#### व्हील चेयर चलाने में भी परेशानी

अस्पताल प्रबंधन की तरफ से कोविड की दूसरी लहर के दौरान टूटी सड़कों के मरम्मत कार्य करवाने को लेकर पत्राचार शुरू किया था, लेकिन सालों से पत्राचार चलते रहने के बाद भी टूटी सड़कों का कोई संज्ञान नहीं ले रहा था। शव गृह की तरफ स्ट्रेचर लाने व लेकर जाने वालों को रास्ते की हालत खस्ता होने के चलते परेशानी का सामना करना पड़ता था।

#### चेयरपर्सन ने किया नागरिक अस्पताल का निरीक्षण



**सोनीपत** हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने नागरिक अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रसूति विभाग व अन्य वार्डों में निरीक्षण करते हुए निर्देश दिए कि अस्पताल में सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। इसके अलावा यहां डिलीवरी के लिए आने वाली महिलाओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आनी चाहिए, यहां उसे सभी प्रकार की सुविधाएं मुहैया करवाना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान उन्होंने इलाज के लिए आई महिलाओं के साथ भी बातचीत की। महिलाओं ने अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं को लेकर चेयरपर्सन के सामने रखा। इस मौके दौरान डा. संदीप लठवाल, कार्यकारी प्रधान चिकित्सक अधिकारी डा. गिनी लांबा, डा. ज्योत्सना, सहित अन्य लोग मौजू रहे।



**गोहाना।** औषधीय पौधारोपण करते कुलपति प्रो. सुदेश। *फोटो : हरिभूमि*

## धरती पर पेड़ों से ही जीवन संभव : कुलपति प्रो. सुदेश

- महिला विवि के आयुर्वेदिक महाविद्यालय में पर्यावरण मित्र समूह का गठन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां स्थित माडू सिंह मेमोरियल आयुर्वेद संस्थान के बीएएमएस द्वितीय वर्ष की छात्राओं द्वारा एक पर्यावरण मित्र समूह का गठन किया गया है। छात्राओं ने कि विश्वविद्यालय परिसर को हरा भरा रखना है। औषधीय पौधारोपण की शुरुआत विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने की। कुलपति ने कहा कि हमारी संस्कृति और संस्कार हमें पर्यावरण संरक्षक बनाते हैं। हमारे जीवन में पेड़ों का बहुत महत्व है। धरती पर पेड़ों से ही जीवन संभव है। पेड़ हमारी दिनचर्या का हिस्सा हैं। हम सब को पेड़ लगाने चाहिएं और उनका संरक्षण करना चाहिए। कुलपति ने छात्राओं से आह्वान करते हुए कहा कि विवि परिसर को प्लास्टिक मुक्त व स्वच्छ बनाने में अपनी भूमिका निभाएं। आयुर्वेद संस्थान के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. नरेश भार्गव ने बताया कि इन छात्राओं द्वारा 275 औधीय पौधे मंगवाए गए हैं। पौधे उत्तर प्रदेश के सहारनपुर से मंगलवाए गए हैं। छात्राओं ने पौधे लगाने से पेड़ बनने तक की जिम्मेवारी उठाते इस कार्य को शुरू किया है। डॉ. भार्गव के अनुसार मालकांगनी का पौधा मिर्गी, पार्किंसन एवं नाड़ी संस्थान के रोगों में उपयोगी होता है। सभी औषधीय पौधे किसी न किसी बीमारी के निदान में उपयोगी हैं। आयुर्वेद संस्थान की प्राचार्य डॉ. वीणा, डॉ. हिमांशु व डॉ. अमित मौजूद रहे।

### अनुशासित होकर जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी

सोनीपत। रतनगढ़ माजरा स्थित सर छोटूराम स्कूल में शुक्रवार को दसवीं व बारहवीं की कक्षा के लिए हवन का आयोजन किया गया। दसवीं व बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों और अन्य कक्षाओं के मॉनीटरों ने हवन में आहुति डाल कर उसको सफल बनाया। विद्यालय के चेयरमैन जगदीश लोहचब, प्रबंधक बिमला दहिया, सेक्रेटरी कविता लोहचब, प्रधानाचार्य डॉ. मेहरसिंह आर्य, उप-प्राचार्या अनिता लोहचब ने विद्यार्थियों को बोर्ड की परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते अनुशासित होकर जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।



**सोनीपत।** यज्ञ में हिस्सा लेते विद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थीगण।



**सोनीपत।** विजेताओं को सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### मास्टर ट्रेनर को किया सम्मानित

सोनीपत। मॉडल टाउन स्थित बीआरसी कार्यालय में शुक्रवार को जिलास्तर पर अव्वल रहे निपुण रिपोर्टर्स व बालवाटिका-3 के मास्टर ट्रेनर (केआरपी) के लिए समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में पहुंची जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी (डीईईओ) रचना बाना ने जिलास्तर पर प्रथम व द्वितीय स्थान पर रहे निपुण रिपोर्टर्स की टीम को उनके अध्यापकों के साथ सम्मानित किया। विद्यालय शिक्षा निदेशालय की तरफ से सभी जिलों के टॉप-दो रिपोर्टर्स वीडियो को अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर अपलोड किया था। जिन दो विद्यालयों के वीडियो को सबसे ज्यादा लाइक मिले और सबसे ज्यादा बार देखा गया, उन विद्यालयों की टीम को जिलास्तर पर सम्मानित किया जाना था। जनवरी माह में जिलास्तरीय निपुण रिपोर्टर्स का परिणाम जारी कर दिया था।

### सकारात्मक जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया

**सोनीपत।** हिंदू कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग, सोनीपत में नशे को ना कहें, जीवन को हां कहें विषय पर एक प्रेरकवाद-विवाद प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. नवीन कुमार मलिक के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता के समन्वयक इंजीनियर अमित बंगा और इंजीनियर गौरव अग्रवाल रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में एडी मित्तल, राजीव गर्ग और एसएन शर्मा ने शिरकत की। उन्होंने अपने प्रेरक विचारों के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने और एक सकारात्मक जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस प्रतियोगिता में कुल 12 स्कूलों ने भाग लिया, जिनके छात्रों ने नशे के दुष्प्रभावों पर प्रभावशाली और जागरूकता फैलाने वाले भाषण प्रस्तुत किए। निर्णायकमंडल ने प्रतिभागियों के उत्साह और प्रस्तुति कौशल की सराहना की।



कार्यक्रम में पहुंचें अतिथियों का स्वागत करते प्राचार्य एवं अन्य।



**खरखौदा।** प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को ट्रॉफी देते सुमन दहिया।

### जेबीएच स्कूल में शारीरिक प्रशिक्षण प्रतियोगिता

**खरखौदा।** दिल्ली मार्ग स्थित जेबीएच स्कूल में शुक्रवार को शारीरिक प्रशिक्षण प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें कक्षा पहली से कक्षा पांचवी तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार की शारीरिक गतिविधियों का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही उन्होंने शारीरिक गतिविधि और व्यायाम के अनेकों लाभ भी बताएं। इस प्रतियोगिता में सभी कक्षाओं से अच्छा प्रदर्शन करने वाले अलग-अलग विद्यार्थियों को विजेता चुना गया। कक्षा पहली से माही, कक्षा दूसरी से पूजा, प्रेरणा ,कक्षा तीसरी से रुही, अंश ,कक्षा चौथी से वंशिका, कक्षा पांचवी से आशीष, वंश विजेता बने। विजेता विद्यार्थियों को स्कूल प्राचार्या सुमन दहिया ने ट्राफी देकर सम्मानित किया। प्राचार्या ने बताया कि शारीरिक प्रशिक्षण और व्यायाम से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है और बीमारियों से दूर रहता है। हमें प्रतिदिन शारीरिक प्रशिक्षण और व्यायाम को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए।




**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

### उज्जवल भविष्य की कामनाओं के साथ दी विदाई

**सोनीपत।** देवडु रोड स्थित शहर के प्रसिद्ध स्कूल 'दिल्ली विद्यापीठ में आज बारहवीं क्लास के विद्यार्थियों के लिए ग्यारहवीं क्लास ने विदाई समारोह का आयोजन किया। इस दिन विद्यालय का सारा प्रांगण रंग-बिरंगी आभा और विदाई के भावभीनी माहौल से ओत-प्रोत था। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक वीर सिंह सैनी ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि बच्चों अभी सफर खत्म नहीं बल्कि अभी इसकी शुरुआत है। आपको अभी नहीं रुकना है, मेहनत करनी है, किसी सफल मुकाम पर पहुंच कर अपने माता-पिता की उम्मीदों को पूरा करना है। सभी बच्चे एक बात का ध्यान रखें कि मंजिल सबको मिलती है, किसी को जल्दी मिल जाती है तो किसी को अपना मुकाम पाने में वक्त लग जाता है। इसके बाद ग्यारहवीं कक्षा के बच्चों ने संचालक महोदय, प्रिंसिपल , अध्यापकों एवं सीनियर छात्रों सहित सभी का तिलक लगाकर और पुष्प वर्षा करके सभी का स्वागत किया। अंत में बारहवीं के विद्यार्थियों ने अपने समस्त अध्यापक वर्ग को उपहार देकर सम्मानित किया।

## संवाद अदायगी से व्यक्तित्व का विकास

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरखौदा

कन्या महाविद्यालय में अंग्रेजी विभागाध्यक्षा डॉ सीमांत ने प्राचार्या डॉ. प्रमिला की अध्यक्षता में संवादों के माध्यम से बातचीत (डायलॉग कन्वर्सेशन) प्रतियोगिता का आयोजन कराया। जिसका मुख्य उद्देश्य छात्राओं में संवाद कौशल का विकास करना रहा। इस प्रतियोगिता में पांच टीमों ने हिस्सा लिया। जिनको टैगोर, सरोजिनी नायडू, मुंशी प्रेमचंद, आरके नारायण और राजा राव नाम दिए गए।

प्रत्येक टीम से दो छात्राओं ने हिस्सा लिया। छात्राओं ने सरल,संक्षिप्त, रोचक और प्रभावशाली संवाद, अदायगी और हाव -भाव से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्राचार्या ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ता है, उनके व्यक्तित्व का विकास होता है। बेहतर संवाद करने से उनमें अपनी बात को सही तरीके से दूसरे के सामने रखने की कला का विकास होता है। इन सभी टीमों में मुंशी प्रेमचंद टीम ने प्रथम, आरके नारायण टीम ने द्वितीय, टैगोर और राजा राव टीम ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान तथा सरोजिनी नायडू टीम ने सांत्वना स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता छात्राओं को प्रमाण पत्र और पेन से पुरस्कृत किया गया। डॉ. सारिका तथा डॉ.प्रमिला ने निर्णायक की भूमिका निभाई।



**खरखौदा।** विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते प्राचार्या। *फोटो : हरिभूमि*



**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान बच्चों के साथ अभिभावक एवं अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

### बच्चों के साथ अभिभावकों ने उड़ाई पतंग, खेला क्रिकेट

**सोनीपत।** लिटल एंजल्स स्कूल, सोनीपत में दो दिवसीय फैमिली एंगेजमेंट प्रोग्राम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पारिवारिक सहभागिता के माध्यम से अध्यापकों, बच्चों व अभिभावकों के बीच सकारात्मक संबंध बनाना था। इस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल, उपप्रधानाचार्या गीता अरोड़ा, मुख्याध्यापिका भारती दत्ता व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों ने बच्चों के साथ पतंगे उड़ाई, क्रिकेट मैच खेला, कुकिंग की व अन्य कई गतिविधियों में भाग लिया। सभी गतिविधियों में अभिभावकों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। यह कार्यक्रम बच्चों व अभिभावकों के लिए एक अनोखा अनुभव था। उपस्थित सभी लोगों व अभिभावकों ने विद्यालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की। साथ ही उन्होंने कहा कि विद्यालय द्वारा आयोजित ऐसे कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाते हैं और इस कार्यक्रम के द्वारा बच्चे व अभिभावक अपने हुनर को बखूबी प्रदर्शित कर पाए। विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल ने सभी को विद्यालय में आने व इस कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए बधाई व शुभकामनाएं दीं। विद्यालय की उपप्रधानाचार्या गीता अरोड़ा ने सभी अभिभावकों व बच्चों के द्वारा की गई गतिविधियों की सराहना की।

**योजना**

### योजना के तहत विद्यालयों का किया चयन, मिलेगी प्रोत्साहन राशि

## सोनीपतः मुख्यमंत्री स्कूल सौंदर्यीकरण प्रोत्साहन योजनाः 4 विद्यालय चयनित

जिलास्तर पर वमा, उच्च, माध्यमिक व प्राथमिक विद्यालय श्रेणी में एक-एक स्कूल का किया चयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

मुख्यमंत्री स्कूल सुंदरीकरण प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के तहत पहले सभी स्कूलों से आवेदन आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त आवेदनों के बाद स्कूलों का चयन करने के लिए खंड स्तर पर समिति गठित की गई थी। अब जिला स्तर पर विद्यालयों का चयवन किया गया है। जिसके तहत वरिष्ठ माध्यमिक की श्रेणी में मुरथल स्थित पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अव्वल रहा है। इसके अलावा उच्च, माध्यमिक व प्राथमिक श्रेणी में एक-एक स्कूल का चयन किया गया है। चारों श्रेणियों में अव्वल रहे स्कूलों को एक-एक लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। शिक्षा विभाग ने मुख्यमंत्री स्कूल सुंदरीकरण प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के तहत प्रतियोगिता का परिणाम सिलसिले वार जारी किया जा रहा है। कमेटी ने स्कूलों का निरीक्षण करने के उपरांत पहले खंड स्तरीय प्रतियोगिता का परिणाम जारी कर दिया था। जिसमें खंड स्तर पर सोनीपत जिले के 16 स्कूलों का चयन किया गया था, जिन्हें पुरस्कार स्वरूप नौ लाख रुपये की राशि जारी की गई थी। खंड स्तर पर चयनित स्कूलों में से अब जिलास्तर पर सबसे सुंदर स्कूलों का चयन कर परिणाम जारी कर दिया है। विभाग की तरफ से प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च व वरिष्ठ माध्यमिक श्रेणी में जिलास्तर पर एक-एक स्कूल का चयन किया गया है। जिला स्तर पर पुरस्कार जीतने वाले स्कूल अब प्रदेश स्तरीय पुरस्कार के लिए आवेदन करने के पात्र होंगे।

#### परिणाम जारी

मुख्यमंत्री स्कूल सुंदरीकरण प्रोत्साहन योजना के तहत जिलास्तरीय पर परिणाम जारी कर दिया गया है। जिसमें चार श्रेणियों में एक-एक स्कूलों का चयन किया गया है। अव्वल रहने वाले स्कूलों को एक-एक लाख रुपये की राशि दी जाएगी। जिसे स्कूल में सुविधाएं बढ़ाने पर खर्च किया जाएगा। *नवीन गुलिया, जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत।*

#### जिलास्तर पर ये स्कूल रहे अव्वल

| श्रेणी | स्कूल |
|---|---|
| वरिष्ठ माध्यमिक | : पीएमश्री रा कन्या वमावि, मुरथल |
| उच्च | : रा. उच्च विद्यालय, सिवानका, मुंडलाना |
| माध्यमिक | : रा. मावि, सलारपुर माजरा, सोनीपत |
| प्राथमिम | : रा. प्राथमिक पाठशाला, नाथूपुर, राई |

### सच्चाई नहीं पाए जाने पर केस को किया रद

**खरखौदा।** पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के तत्कालीन ओएसडी भूपेश्वर दयाल के गनमैन पाई निवासी हरीश ने बीते वर्ष दिसंबर माह में पुरानी रंजिश के चलते हमले करने के लगाए गए आरोपों की जांच करते पुलिस आरोपों में सच्चाई नहीं पाए जाने पर उस केस को रद के लिए न्यायालय में फाइल प्रस्तुत की है। लिहाजा मामला अब रद कर दिया है। पाई गांव के रहने वाले हरीश ने आरोप लगाया था कि वह ड्यूटी कर वापस घर लौटने के दौरान सोहटी गांव में पहुंचने पर पुरानी रंजिश रखते हुए गांव के ही बिट्टू व चीनू ने सेंट्रो कार में आकर उसे रोक लिया और धारदार हथियार से हमला कर से घायल कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया था। लेकिन जब इस मामले में जांच की गई, तो पता चला कि जिन आरोपितों पर हमला करने के आरोप लगाए गए हैं, वह वारदात के दौरान दिल्ली स्थित शादी में थे। इसके बाद मामले को रद्द करने के लिए पुलिस ने न्यायालय में अपनी रिपोर्ट पेश की। थाना प्रभारी बीर सिंह का कहना है कि उक्त केस रद कर दिया गया है।

**मार्केट न्यूज**

### पीएनबी बैंक सस्ते दरों पर गृह ऋण प्रदान कर रहा है : भूषण शर्मा




**सोनीपत।** सोनीपत के सैक्टर 15 के सामुदायिक केंद्र में पंजाब नैशनल बैंक, मंडल कार्यालय, पानीपत द्वारा दो दिवसीय होम लोन एक्सपो का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ सोनीपत के एसडीएम सुभाष चन्द्रा द्वारा मंडल प्रमुख भूषण शर्मा की उपस्थित में किया गया। मंडल प्रमुख ने उपस्थित सभी ग्राहकों को संबोधित करते हुए कहा कि पीएनबी बैंक सस्ते दरों पर गृह ऋण प्रदान कर रहा है। उन्होंने बताया कि बैंक ग्राहक के पास ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से खुद ग्राहक तक चल कर आता है और एक ही स्थान पर सब तरह की गृह ण उत्पादों की जानकारी देते हुए ग्राहक की आवश्यकता अनुसार उन्हें ण प्रदान करता है। एसडीएम सुभाष चन्द्र ने बैंक के इस प्रयास की सराहना की व प्रशासन द्वारा सहयोग का आश्वासन दिया। बैंक द्वारा प्रदर्शनी में शामिल ग्राहकों को बैंक प्रदत्त विभिन्न होम लोन स्कीम व अन्य बैंकिंग उत्पादों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान विभिन्न रियल एस्टेट एजेंसी, कार डीलर व सोलर पैनल वेंडर द्वारा ग्राहकों के लिए प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

## खबर संक्षेप

### आम सभा में पंचकूलां चलने का दिया न्योता

**सोनीपत।** हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच जिला कमेटी की आम सभा एचएसवीपी परिसर सेक्टर 15 में दोपहर का आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता मंच की जिला प्रधान मीना सैनी ने की और संचालन मंच के प्रदेश कोषाध्यक्ष महावीर नागर ने किया। प्रदेश महासचिव आरके नागर ने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि 2 फरवरी को हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच की राज्य स्तरीय सभा का आयोजन सोनीपत में किया गया था। जिसमें सर्वसम्मति से फैसला किया गया था कि सरकार की वादाखिलाफी के विरोध में 10 को मुख्यमंत्री आवास का घेराव कर ज्ञापन दिया जाएगा।

### वाणिज्य व अर्थशास्त्र पर सेमिनार का आयोजन

**सोनीपत।** टीकाराम कन्या महाविद्यालय में वाणिज्य व अर्थशास्त्र विभाग द्वारा एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें की नोट स्पीकर की भूमिका गुरु जम्भेश्वर विश्वविधालय अर्थशास्त्र विभाग के डा. ललित शर्मा ने निभाई। सेमिनार का विषय बिल्डिंग ए बैटर वर्ल्ड टुगेदर रहा। सेमिनार में डा. ललित शर्मा ने कई विषयों का व्याख्यान किया। सेमिनार का शुभारम्भ कॉलेज प्राचार्या गीता व उप-प्राचार्या कंचन ने डा. ललित शर्मा को बुके दे कर किया। इस सेमिनार में कॉमर्स व इकोनोमिकस विभाग की सभी छात्राओं ने भाग लिया। इस मौके पर शिक्षक मौजूद रहे।

### भाजपा में मेयर पद के लिए 21 और आवेदन मिले

# अगले सप्ताह से सड़कों पर दिखाई देने लगेंगी चुनाव की सरगर्मियां

### कांग्रेस ने आज बुलाई बैठक, उम्मीदवारों से मांगे आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

नगर निगम के मेयर उपचुनाव और खरखौदा नगर पालिका के चेयरमैन व पार्षद चुनावों के लिये सरगर्मियां तेज हो चली हैं। अभी तीन माह पहले ही विधायक के चुनावों की खुमारी अभी तक उतरी भी नहीं है, उससे पहले ही इस चुनाव की तैयारियों के चलते चुनावी पारा फिर से चढ़ गया है। हालांकि अभी तक पार्टियों के स्तर पर ही अभी तक चुनावी गर्मी चढ़ी है। लेकिन आने वाले सप्ताह में चुनावी सरगर्मियां सड़कों पर भी शुरू हो जाएंगी। क्योंकि भाजपा 11 फरवरी तक उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर सकती है। वहीं नामांकन का अंतिम दिन 17 फरवरी है, ऐसे में अगले सप्ताह में भाजपा के बाद कांग्रेस के भी उम्मीदवारों की सूची आ सकती है। जिसके बाद मैदान में प्रत्याशियों की तस्वीर साफ हो जाएगी। बता दें कि सोनीपत नगर निगम और खरखौदा नगर पालिका के प्रस्तावित चुनावों रूपी इस यज्ञ में 3 लाख से अधिक मतदाता अपनी आहुति देंगे। इसमें से 2 लाख 94 हजार 362 मतदाता सोनीपत नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत तो 20 हजार 149 मतदाता खरखौदा के चुनावों में अपने मतों का प्रयोग करेंगे। सोनीपत नगर निगम क्षेत्र के कुल मतदाताओं में 1 लाख 53 हजार 320 पुरुष, 1 लाख 41 हजार 035 महिला व सात मंगलामुखी मतदाता वोट डालेंगे। वहीं खरखौदा नगर पालिका क्षेत्र में 10,644 पुरुष और 9,502 महिला व तीन मंगलामुखी मतदाता कुल मतदाताओं में शामिल है। सोनीपत नगर निगम के कुल मतदाताओं में 47 हजार 479 मतदाता पहली बार नये मेयर को वोट डालेंगे। सोनीपत नगर निगम के चुनावों के लिये निगम क्षेत्र में 268 मतदान केंद्र बनाए जाएंगें, जबकि खरखौदा क्षेत्र में चुनावों के लिये 23 मतदान केंद्र बनाए जाएंगें।



सोनीपत। भाजपा कार्यालय में मेयर पद के लिये आवेदन स्वीकार करते हुए जिलाध्यक्ष एवं अन्य। फोटो :हरिभूमि

### चुनाव का शेड्यूल

- 11 फरवरी से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी, जोकि 17 तक चलेगी।
- 18 फरवरी को छंटनी का काम किया जाएगा।
- 19 फरवरी को नामांकन वापसी का दिन।
- 19 फरवरी को ही चुनाव चिन्ह दिए जाएंगें।
- 2 मार्च को मतदान।
- 12 मार्च को चुनाव का परिणाम।

### खरखौदा के लिए 8 नए आवेदन

भाजपा कार्यालय में सोनीपत मेयर पद के लिए 21 लोगों ने जिला अध्यक्ष जसवीर दोदवा को अपने आवेदन दिए। जिनमें बबीता कौशिक, डॉ. रामकृष्ण सरोवर, मुनीराम, राजेंद्र चांदना, रजनीश राठी, अंजू दहिया, विक्की वाल्मीकि, सुनीता लोहचब, नरेश वर्मा, अनिल ठाकुर, जोगेंद्र प्रजापति, मुकेश सैनी, संगीता सैनी, जय भगवान शर्मा, योगेश पाल अरोड़ा, महेश लूथरा, डॉ. राजेश कुमार दहिया, रेखा गर्ग, डॉ. राज सिंह सांगवान, मोनिका मदान, रामकरण नाथ शामिल हैं। इससे पहले वीरवार को भी भाजपा में मेयर पद के लिये 18 आवेदन प्राप्त हुए थे। इस तरह से दो दिनों में 39 आवेदन प्राप्त हुए हैं। दूसरी ओर खरखौदा नगर पालिका में चेयरमैन पद के लिये भी भाजपा जिला कार्यालय में आवेदन प्राप्त किए गए। वीरवार और शुक्रवार को कुल 10 आवेदन प्राप्त किए गए हैं। इसमें से 2 आवेदन वीरवार को मिले थे, जबकि शुक्रवार को 8 आवेदन प्राप्त हुए हैं। शुक्रवार को प्राप्त हुए आवेदनों में रामनिवास, नवीन दहिया, राजू धनकर, मनजीत भोला, आजाद सिंह, राजेंद्र रंगा, राजवीर, अश्विनी शामिल हैं।

### कांग्रेसी आज करेंगे बैठक

नगर निगम मेयर के उपचुनाव को लेकर कांग्रेस भवन में बैठक बुलाई गई है। शनिवार को पृथला से विधायक व सोनीपत नगर निगम उपचुनाव के प्रभारी रघुवीर तेवतिया की अध्यक्षता में बैठक होगी। बैठक में नगर निगम मेयर पद के लिये आवेदन मांगें गए हैं। इसके अलावा सुझाव भी आमंत्रित किए गए हैं। वैसे बता दें कि कांग्रेस से मेयर पद के लिये कमल दिवान, अशोक छाबड़ा, रवि परूथी, राजीव सरोहा, पवन गर्ग, नरेंद्र मलिक, कमल हसीजा, अशोक सरोहा, सूर्या दहिया (रिंकू), मनजीत गहलावत, ऋतु बंसल, नीतू दहिया, सुरेंद्र नैय्यर के नामों की चर्चा चल रही है। जानकारों का मानना है कि विधानसभा चुनावों की तरह ही इन चुनावों में भी कांग्रेस भाजपा के बाद ही लिस्ट जारी करेगी।

# शहर के विकास कार्यों को नहीं मिली रफ्तार

- सोनीपत से पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर सोनीपत में विकास कार्यों को गति देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सोनीपत से पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी को पत्र लिखकर सोनीपत के विकास कार्यों को रफ्तार देने की मांग की है। उन्होंने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण के गठन को एक साल से अधिक समय हो गया है लेकिन अभी भी सोनीपत मूलभुत सुविधाओं की बांट जोह रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से सोनीपत के विकास कार्यों की तरफ विशेष रूप से ध्यान आकर्षित करने की मांग की है।

पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में बताया कि वर्ष 2019 से 2024 तक सोनीपत की देवतुल्य जनता के आशीर्वाद से वह विधायक रहे है। विधायक कार्यकाल के दौरान उन्होंने विधानसभा में सोनीपत के विभिन्न मुद्दों को पुरजोर तरीके से उठाया था। सरकार ने बेसक सोनीपत को महानगर का दर्जा दिया है, लेकिन कागजों तक यह सीमित है धरातल पर आज भी शहर की विभिन्न कालोनियों में पेयजल की किल्लत, कच्ची गलियां, सीवरेज लाइन ब्लॉकेज, खस्ता हालत में मुख्य रास्ते, पानी निकासी के लिए बनाए गए नाले की खस्ता हालत, सफाई व्यवस्था का आभाव एसएमडीए की पोल खोल रहे है। बीते वर्ष सरकार ने 100 करोड़ रूपये सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण को देने की बात कही थी, एक साल बीतने को है,100 करोड़ धरातल पर नजर नहीं आ रहे। उन्होंने कहा कि जुलाई 2024 में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण की चंडीगढ में बैठक हुई थी, जिसमें करीब 363 करोड़ रुपये का बजट वितीय वर्ष 2024-25 के लिए मंजूर किया गया था। वितीय वर्ष समाप्ति की तरफ है लेकिन कोई नया प्रोजेक्ट सोनीपत की जनता को नहीं मिला है।

उन्होंने कहा कि प्राधिकरण का गठन होने के बाद सोनीपत की जनता को विकास कार्यों की एक नई उम्मीद जगी थी, लेकिन अब उनकी उम्मीद भी टूटने लगी है। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सैनी से मांग की है कि सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण में सभी कर्मचारियों, अधिकारियों को नियुक्त किया जाए, ताकि विकास के कार्यों को अमलीजामा पहनाया जा सकें। इसके साथ ही प्रति माह प्राधिकरण की बैठक भी सुनिश्चित की जाए ताकि विकास कार्यों की प्रगित रिपोर्ट जनता के समक्ष आ सकें।



सुरेंद्र पंवार

# डॉ. यादव ने कुलसचिव का कार्यभार संभाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि), खानपुर कलां के कुलसचिव पद का कार्यभार शुक्रवार को डॉ. शिवालिक यादव ने संभाल लिया। उनकी नियुक्ति विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय के आदेशानुसार की गई है। अपनी नियुक्ति को लेकर डॉ. शिवालिक ने प्रदेश सरकार के राज्यपाल, मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री का आभार जताया।

महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि विश्वविद्यालय को विकास की राह पर और आगे बढ़ाने के लिए कुलसचिव की भूमिका बहुत खास होती है। नवनियुक्त कुलसचिव डॉ. यादव का अनुभव विवि के विकास में निश्चित ही अहम रहेगा। डॉ. शिवालिक यादव ने कहा कि वे विवि को विकास की ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए निष्ठापूर्वक काम करेंगे। उनके पदभारग ग्रहण समारोह में निवर्तमान कुलसचिव डॉ. श्वेता सिंह समेत विश्वविद्यालय के अधिकारी उपस्थित रहे। समारोह में मदवि, रोहतक के निदेशक जनसंपर्क सुनीत मुखर्जी ने डॉ. शिवालिक यादव का परिचय करवाया। इस अवसर पर विवि के वित्त अधिकारी रविदत्त, कुलपति के निजी सचिव बिनेश शर्मा, सहायक कुलसचिव महिपाल मलिक, राजेश नरवाल, प्रदीप ढुल, कुलदीप सिंह, मदवि पीआरओ पंकज व अन्य मौजूद रहे।



गोहाना। नवनियुक्त कुलसचिव को पदभार ग्रहण करते निवर्तमान कुलसचिव प्रो. श्वेता सिंह व अन्य। फोटो : हरिभूमि



गोहाना। रंगोली बनाते हुए विद्यार्थी व साथ में शिक्षकगण। फोटो : हरिभूमि

### बीए प्रथम वर्ष के अमन ने बनाई सबसे सुंदर रंगोली

**गोहाना।** गांव बड़ौता स्थित राजकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को दो दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव का शुभारंभ हो गया। समारोह में विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुंडू ने की। संयोजन सांस्कृतिक कमेटी की प्रभारी डॉ. गीता का रहा। सांस्कृतिक उत्सव में रंगोली प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष के छात्र अमन प्रथम, मोहित द्वितीय जबकि तृतीय स्थान पर बीए प्रथम वर्ष के छात्र अरुण और बीए तृतीय वर्ष के छात्र प्रमोद रहे। क्ले मॉडलिंग में बीए प्रथम वर्ष के छात्र हिमांशु प्रथम, सौरभ द्वितीय और अमन तृतीय रहे। पेंटिंग प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष के छात्र सुमित प्रथम, हिमांशु द्वितीय व अरुण तृतीय रहे। मेहंदी प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष के छात्र अरुण प्रथम, बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा दिशा द्वितीय जबकि महक ने तृतीय स्थान हासिल किया। निर्णायक मंडल में डॉ. कविता राठी, डॉ. ज्योति, संतोष कुमार व साहिल सभरवाल शामिल रहे।

# रौनक स्कूल के स्थापना दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

- प्रतियोगिता में स्कूल के 300 छात्रों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

रौनक पब्लिक स्कूल के स्थापना दिवस के अवसर पर आर्य आदर्श विद्यालय गन्नौर में एक चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में स्कूल के 300 छात्रों ने भाग लिया और अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। स्कूल शिक्षकों ने छात्रों को संबोधित किया और उन्हें अपनी कलात्मक प्रतिभा को विकसित करने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों के लिए अलग-अलग श्रेणियाँ बनाई गई। प्रत्येक श्रेणी में छात्रों ने अपने चित्रों को प्रस्तुत किया और निर्णायकों द्वारा उनका मूल्यांकन किया गया। प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा करने के बाद, विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। स्कूल की प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए उन्हें अपनी कलात्मक प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता छात्रों को अपनी कलात्मक प्रतिभा को विकसित करने और आगे बढ़ने का मौका मिलता है।



गन्नौर। विजेताओं का पुरस्कार देते प्रधानाचार्या रजनी शर्मा व शिक्षक।

### व्यावसायिक एवं तकनीकी कौशल का विकास करने को किया मेले का आयोजन

**खरखौदा।** पीएम श्री राजकीय विद्यालय खरखौदा में शुक्रवार को कौशल विकास एवं प्रतिभा विकास मेले का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ खंड एवं शिक्षा अधिकारी सुजाता खत्री ने दीप प्रज्वलित करके किया। यह रोजगार मेला कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों द्वारा आयोजित किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्धेश्य विद्यार्थियों में व्यावसायिक एवं तकनीकी कौशल का विकास करना था। ताकि विद्यार्थियों को युवावस्था में ही रोजगार प्राप्त करने के अवसर के बारे में प्रेरित किया जा सके। विद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा 26 स्टाल लगाए गए। जिसमें विज्ञान, कृषि, हस्त निर्मित वस्तुएं, वेस्ट पदार्थों से उपयोगी सामान बनाना, विभिन्न प्रकार व्यंजनों एवं खाद्य पदार्थों के स्टाल लगाए गए। कन्या स्कूल खरखौदा की छात्राओं ने प्राचार्या नीलम दलाल व स्टाफ सदस्यों सहित, खंड अधिकारी कार्यालय सदस्यों, एसएमसी सदस्यों ने मेले का भ्रमण किया। कार्यक्रम में मंच का संचालन प्रवक्ता पूनम व देवेंद्र द्वारा किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी व विधायक पवन खरखौदा के पिता आजाद सिंह ने मेले में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया।


हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005



मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028


# महिला विवि के लोक कला उत्सव में कलाकारों की प्रस्तुति से झूमा सदन

- भगत फूल सिंह ने बेटियों के लिए जो सपना देखा था वह आज पूरा हो रहा है : प्रो. सुदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां व धर्मपुत्र कला मंच के संयुक्त तत्वाधान में संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के कला विकास योजना के अंतर्गत प्रायोजित व उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला के सहयोग से 3 दिवसीय लोक कला उत्सव कार्यक्रम का शुक्रवार को आगाज हो गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने किया। प्रो. सुदेश ने कहा कि यह भूमि अमर बलिदानी भगत फूल सिंह की है। जो बेटियों के लिए उन्होंने सपना देखा था वह आज पूरा हो रहा है। आज उनकी आत्मा बहुत खुश होगी। बेटियों की जिस शिक्षा व अधिकारों की कल्पना उन्होंने की थी आज साक्षात है। उन्होंने छात्राओं को कहा कि वे अपने अधिकारों के साथ अपने कर्तव्य का भी निर्वहन करें। कुलपति ने कहा कि देश के विभिन्न प्रांतो की टीमों का महिला विवि में होना लघु भारत का चित्रण कर रहा है। कार्यक्रम में जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, महाराष्ट्र व उत्तर प्रदेश की टीमों के कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में खूब समां बांधा। कलाकारों की प्रस्तुति से दर्शक झूमने पर मजबूर हो गए। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ. श्रीलेखा चौबे ने किया। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. श्वेता हुड्डा, सहायक छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. कृतिका दहिया, डॉ. सरला व अन्य मौजूद रहे।



गोहाना। दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए कुलपति प्रो. सुदेश।

# पुलिस ने 16 वाहनों के चालान काटे, 3 मोटरसाइकिल इंपाउंड

- यातायात नियमों के उल्लंघन पर ट्रैफिक पुलिस ने सख्ती, दिनभर चला अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

शहर में यातायात नियमों के उल्लंघन पर ट्रैफिक पुलिस ने सख्ती बरतते हुए कड़ी कार्रवाई की है। ट्रैफिक यूनिट प्रभारी जगदीश के नेतृत्व में दिल्ली चौक, थाना कलां चौक पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें 16 वाहनों के चालान काटे गए और तीन बाइक इंपाउंड की गई। प्रभारी जगदीश ने बताया कि यह कार्रवाई सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए की गई है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे नाबालिग बच्चों को वाहन न चलाने दें, क्योंकि यह उनके जीवन के लिए खतरा बन सकता है।

पुलिस ने दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट और चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने की सलाह दी। प्रभारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा सभी की जिम्मेदारी है और नियमों का पालन जरूरी है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे अभियान जारी रखने की बात कही।



खरखौदा। वाहनों का चालान करते ट्रैफिक पुलिस कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दातौली में जागरूकता कार्यक्रम

# साइबर क्राइम के प्रति जागरूक रहने की जरूरत : भाटिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

हरियाणा राज्य महिला आयोग द्वारा गांव दातौली स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित साइबर क्राईम व कानूनी सेवाओं को लेकर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने किया। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में सोशल मीडिया ने सभी आयु वर्ग के लोगों को अपनी चपेट में ले लिया है। सोशल मीडिया कुछ हद तक लाभदायक होने के साथ-साथ हानिकारक ज्यादा है क्योंकि सोशल मीडिया के इस्तेमाल के दौरान कई बार हमारी बेटे-बेटियां अनजाने में अपनी डिटेल शेयर कर देती है जो कई बार उनके लिए समस्या उत्पन्न कर देता है। इसलिए आज के समय हर बेटा-बेटी को साईबर क्राईमों के प्रति जागरूक होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि यदि किसी के साथ में भी कोई अप्रिय घटना होती है और उसके प्रति कोई भी उन्हें ब्लैकमेल करने की कोशिश करता है तो हमें ब्लैकमेल नहीं होना बल्कि हिम्मत दिखाते हुए इसकी सूचना अपने पेरेंट्स को कमीशन को या फिर पुलिस को देना सुनिश्चित करें।

उन्होंने छात्र-छात्राओं को साईबर अपराधों से बचाने के लिए शिक्षक व पुलिस किस प्रकार अपनी भूमिका निभा सकता है इसके बारे में बताया। उन्होंने कहा कि छात्राएं व महिलाएं उनके खिलाफ होने वाले किसी भी अपराध की जानकारी अपने दोस्तों व परिजन को तुरंत दें।




गन्नौर। हरियाणा राज्य महिला आयोग चेयरपर्सन रेनू भाटिया जागरूकता कार्यक्रम में संबोधित करते हुए तथा चेयरपर्सन रेनू भाटिया जागरूकता कार्यक्रम में डायल 112 पर छात्रा से काल करवाते हुए। फोटो : हरिभूमि

### छात्रा से डायल 112 पर कॉल करवाई, दस मिनट में स्कूल में पहुंच गई टीम

चेयरपर्सन ने एक छात्रा से डायल 112 पर कॉल करवाई तो हरियाणा पुलिस डायल 112 की टीम तुरंत 10 मिनट में स्कूल पहुंची तो चेयरपर्सन ने बताया कि हमारी डायल 112 की टीम किस प्रकार आपकी सहायता के लिए तैयार रहती है। एसीपी निधि नैन ने मोबाइल, कंप्यूटर व इंटरनेट के माध्यम से विभिन्न प्रकार के अपराधों बारे विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि अपनी व्यक्तिगत जानकारियों को हमें किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सांझा नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपना मोबाइल पासवर्ड, बैंकिंग पासवर्ड, सोशल मीडिया अकाउंट पासवर्ड व अन्य जानकारी शेयर न करें।